संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय

महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर, सिविल लाइंस

रायपुर, छत्तीसगढ़

email: cgnationalseminar@gmail.com, Website: www.cgculture.in

Phone: 0771-2527404, Tele-Fax: 0771-2234731

क्रमांक - 6876/सं. पु./ संगोष्ठी/2022-23 ...15 फरवरी 2023

राष्ट्रीय संगोष्ठी - परिपत्र

प्रति,

....

....

....

विषय: राष्ट्रीत संगोष्ठी में शोध प्रस्तुति के संबंध में ।

यह विदित है कि व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध प्राचीन इतिहास किसी क्षेत्र के राजवंशों के द्वारा जारी अभिलेखों, सिक्कों, उनकी वंशावली, शासकों की उपलब्धियों, निर्मित स्मारकों, समकालीन साहित्यों इत्यादि के अध्ययन द्वारा ही किया जा सकता है । राज्य की राजनीतिक सीमा, आर्थिक स्थिति, धार्मिक-दार्शनिक इतिहास, स्थापत्य एवं मूर्तिकला का विकास जैसे महत्त्वपूर्ण पहलुओं को वे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते रहे हैं ।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के क्षेत्रीय राजवंशों में – नल वंश, शरभपुरीय वंश, पण्डुवंशी (सोमवंशी), रतनपुर व रायपुर का कलचुरी वंश इत्यादि प्रमुख है, जिनके शासन काल का इस क्षेत्र के इतिहास, पुरातत्त्व और संस्कृति के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है । प्रदेश के क्षेत्रीय राजवंशों के शोध-अध्ययन द्वारा इतिहास के विभिन्न पक्षों को प्रकाश में लाने के उद्देश्य से संचालनालय द्वारा तीन दिवसीय (03 से 05 मार्च 2023) राष्ट्रीय शोध-संगोष्ठी का आयोजन महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय सभागार रायपुर में किया जा रहा है ।

विषय: छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय राजवंश

उप विषय : प्राचीन छत्तीसगढ़ के राजवंशों के इतिहास से संबंधित विभिन्न पहलू, जैसे –

1. वंशावलियों व कालक्रम पर नवीन प्रकाश
2. आर्थिक व धार्मिक इतिहास
3. अभिलेख एवं सिक्के
4. कला एवं स्थापत्य का विकास
5. राजवंश का उदय व पतन

उक्त संगोष्ठी में प्रस्तुति हेतु आपसे शोधपत्र का शीर्षक व संक्षेपिका प्रेषित करने का अनुरोध है । शोध प्रस्तुति के लिए आनलाइन पंजीयन (निःशुल्क) अनिवार्य है, जिसके लिए विभागीय वेबसाइट (www.cgculture.in) पर दिनांक 20 से 28 फरवरी 2023 तक लिंक उपलब्ध रहेगा । संगोष्ठी में शोधपत्र वाचन/प्रस्तुति उपरांत अपने लेख की हार्ड कापी (हिन्दी फॉन्ट – Krutidev010, साइज़-14; अँग्रेजी फॉन्ट –Times New Roman, साइज़-12) विभाग को अवश्य उपलब्ध करावें जिससे उसे विभागीय प्रकाशन में सम्मिलित किया जा सके ।

आपके आगमन पर वास्तविक यात्रा एवं आतिथ्य व्यय विभाग द्वारा नियमानुसार वहन किया जावेगा । आयोजन में कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य होगा । संगोष्ठी संबंधी अन्य जानकारी हेतु प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रताप चंद पारख, उप संचालक (94252-08910), श्री प्रभात कुमार सिंह, पुरातत्त्वेत्ता (78983-70255) श्री प्रवीन तिर्की, उत्खनन सहायक (94791-03377) से व ईमेल (cgnationalseminar@gmail.com) पर संपर्क किया जा सकता है ।

संचालक

पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय

Scanned with CamScanner